# विधायक ने जन्मदिन पर रक्तदाताओं का सम्मान किया

**सिकराय,**(निसं)। सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल के 44वें जन्मदिन पर डूंगर सिकराय बंशीवाल फार्म हाउस पर मंगलवार को विशाल रक्तदान शिविर व पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायक विक्रम बंशीवाल ने जन्मदिन पर रक्तदाताओं का स्वागत सम्मान करके व फार्म हाउस पर पौधारोपण कर कार्यकताओं के साथ केक काटकर अपना 44 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया।

विधायक विक्रम बंशीवाल ने जन्मदिन पर बंशीवाल कोठी जोशी की कोठी शिवालय मंदिर पर सहस्त्रघट किया और उसके बाद निटकपुरी गौशाला पहुंचकर कार्यकताओं के साथ गायों को चारा व गुड़ खिलाया। वहीं सिकंदरा में सुशिला देवी आई अस्पताल में आयोजित निः शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में पहुंचे।

विधायक के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का सुबह से ही तांता लगा रहा। वहीं गांवों कस्बों व हाईवे पर विधायक के कार्यकताओं ने जन्मदिन पर बधाई के होर्डिंग बैनर लगाएं। दौसा से सिकराय बंशीवाल फार्म हाउस पर जन्मदिन कार्यक्रम में जाते समय जगह-जगह लोगों व युवा व कार्यकर्ताओं ने विधायक विक्रम बंशीवाल का माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

# गांव-ढाणी से लेकर शहरों तक पीएम मोदी ने प्रत्येक के सिर पर छत का सपना साकार किया : पटेल

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के नौ वर्ष पूर्ण होने पर लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया



कोटपूतली में विभिन्न लाभार्थियों को चौकों का वितरण किया।

**कोटपूतली।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 09 वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को कस्बा स्थित नगर परिषद परिसर में लाभार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन विधायक हंसराज पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। पटेल ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो करोड़ आवासों की घोषणा कर प्रत्येक पात्र लाभार्थी के खाते में सम्पूर्ण राशि डालना तय किया। जिसके परिणाम आज देखने को मिल रहे है।

पीएम मोदी ने गांव-ढाणी से लेकर शहरों तक प्रत्येक सिर पर छत होने का सपना साकार किया है। आज गरीब आदमी भी अपना घर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये सभापति पुष्पा सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आयुक्त धर्मपाल जाट ने बताया कि योजना में 733 पात्र लाभार्थियों का चयन किया गया। जिनमें से 196 लाभार्थियों का आवास कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें 133 को आवास की चार किश्तों का भुगतान किया जा चुका है। परिषद का प्रयास है कि कोई भी नागरिक बिना आवास के ना रहे। एडीएम योगेश कुमार डागुर ने कहा कि सरकार की योजना का लाभ प्रत्येक लाभार्थी को मिलना चाहिये। संचालन एलपीएस विकास संस्थान के रामभरोसे मीणा ने किया। इस मौके पर एक्सईएन दीपक मीणा, एईएन मुकेश कुमार सैनी, जेईएन बहादुर सिंह यादव, सिविल इंजीनियर मनीष कुमार शुक्ला समेत कर्मचारी मौजूद रहे।

लाभार्थियों को चौकों का वितरण : कार्यक्रम में लाभार्थी मौसमी देवी, भंवरी देवी, टिक्की देवी, सतीश मीणा, लक्ष्मी देवी व महेश वर्मा को प्रथम एवं नरेश कुमार वर्मा, सोना देवी, लक्ष्मी देवी, विमला देवी गुर्जर को तृतीय किश्त के चौक वितरित किये गये। लाभार्थी विपुल शर्मा व अजय शर्मा ने अपने अनुभव साझा किये। आयुक्त जाट ने बताया कि परिषद द्वारा किश्तों का वितरण 31 दिसम्बर 2024 से पूर्व ही किया जाना है। जिन लाभार्थियों ने कार्य शुरू नहीं किया है। वे जल्द से जल्द आवास निर्माण कार्य शुरू करें। ताकि उन्हें योजना का लाभ दिया जा सकें। कार्यक्रम में सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी, पार्षद राकेश सैनी, विष्णु भाटी, रघुवीर गोयल, प्रदीप सैनी, राजेन्द्र मीणा समेत अन्य मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### सहमति से पैतृक भूमि का विभाजन



**श्रीमाधोपुर।** उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर के ग्राम झाड़ली में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया उपखंड अधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत झाड़ली में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत अधिकांश परिवादों का मौके पर निस्तारण किया गया। रात्रि चौपाल में दो परिवारों द्वारा सहमति से अपनी पैतृक भूमि का विभाजन तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद द्वारा करवाया गया। ग्रामीणों द्वारा पेयजल की समस्या का स्थायी व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण का निवेदन कैंप प्रभारी से किया गया, जिस पर कैंप प्रभारी उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जलदाय विभाग को दिए गए। रात्री चौपाल में राजस्व विभाग के 14 प्रकरण, समाज न्याय अधिकारिता विभाग कल्याण के 4 प्रकरण, सहायक अभियंता एवीवीएनएल के 10 प्रकरण, कृषि विभाग के 12 प्रकरण, सहायक अभियंता पीएचईडी के 4 प्रकरण प्राप्त हुए हैं। कैंप में ब्लॉक अजीतगढ़ के ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण व सरपंच झाड़ली सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### कुलपति के आदेश को विड्रोल किया

**चौमूं / कालाडेरा** ( निसं ) जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रामसेवक दुबे द्वारा दिनांक 6 जून 2024 को दुर्गेश राजोरिया वित्त नियंत्रक की शक्तियों को सीज करते हुए अग्रिम आदेशों तक विश्वविद्यालय के कार्यालय में उपस्थित रहते हुए वित्त नियंत्रक के रूप में किसी पत्रावली पर निर्णय अथवा हस्ताक्षर किए जाने हेतु प्रतिबंधित किया गया था। साथ ही वित्त नियंत्रक की उपस्थिति में वित्त नियंत्रक का कार्य सहायक लेखाधिकारी को देना विश्वविद्यालय प्रशासन के प्राधिकार एवं क्षेत्राधिकार से परे है। दुर्गेश राजोरिया वित्त नियंत्रक का नियुक्ति प्राधिकारी वित्त विभाग होने के कारण संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा प्रकरण को वित्त विभाग के संज्ञान में लाया गया तथा वित्त विभाग ने प्रकरण का परीक्षण करने के बाद अपनी टिप्पणी इस प्रकार दी वित्त विभाग के इन निर्देशों के क्रम में संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा दुर्गेश राजोरिया वित्त नियंत्रक के रूप में पत्रावली पर हस्ताक्षर एवं निर्णय किए जाने हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रामसेवक दुबे के प्रतिबंधित आदेश दिनांक 6 जून 2024 को तत्काल प्रभाव से प्रत्याहारित कर दिया है। वित्त नियंत्रक की शक्तियों को सीज करने का आदेश नियम विरुद्ध है अतः यह आदेश प्रत्याहारित होने चाहिए।

### क्षेत्रीय विधायक करेंगे जनसुवाई

**बांदीकुई।** विधायक भागचन्द टांकडा क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के लिए अब सप्ताह में हर बुधवार को जनसुनवाई केन्द्र बडियाल रोड कार्यालय पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई करेंगें। यदि बुधवार को किसी कारण से जनसुनवाई नहीं होगी तो अगली जनसुनवाई की सूचना जारी की जाएगी। इसी ऋम में 26 जून को प्रातः 9 बजे जनसुनवाई की जायेगी। इसी के साथ एक पेड मां के नाम वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की जाएगी। क्षेत्र में करवाए जाने वाले विकास कार्यो पर चर्चा, पिछले 6 माह में राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यो की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी जाएगी।

# समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करें : धनकड़

**कोटपूतली।** ग्राम रामसिंहपुरा रोड़ स्थित महाराजा सूरजमल जाट छात्रावास में मंगलवार को छात्रावास प्रबन्धन समिति एवं जाट समाज की अर्द्धवार्षिक बैठक का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त कर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिये। उन्होंने समाज की एकजुटता पर बल दिया। धनकड ने छात्रावास के विकास में हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं राजनीति में कोटपूतलीवासियों से मिले सहयोग के लिए आभार भी जताया।

इस अवसर पर समाज के प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों व प्रबंधन समिति द्वारा छात्रावास के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप धनकड़ का विधायक बनने पर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनन्दन किया। अध्यक्षता प्रबंधन समिति अध्यक्ष देवेन्द्र दलाल ने की। इस मौके पर छात्रावास प्रबंधन समिति द्वारा छात्रावास के विकास एवं प्रगति को लेकर चर्चा की गई। कोषाध्यक्ष लीलाधर लम्बोरा ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। संरक्षक रामजीलाल जाखड़ ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. महेन्द्र पलसानियां, एड. सुरेन्द्र चौधरी, कैलाश जाखड, हरिराम कपूरिया, एड. राजेश चौधरी, एड. अरुण चौधरी, एड. मनोज चौधरी, जसंवत माठ, रोहिताश कपूरिया, रोहिताश ताखर, बाबूलाल जाखड़, हरिराम जाखड़, देशराज पलसानियां, देवकरण संरपच, सोनू संरपच, नेतराम संरपच, रमेश चौधरी, राजेन्द्र जाखड, बाबूलाल चौधरी, एड. राजेन्द्र चौधरी, ब्रह्मप्रकाश धनकड़, एड. राजपाल चौधरी, मनोज खोजा, एड. बदलुराम, आजाद मान, नत्थूराम लम्बरदार, धड़सीराम, सुरेश कीरतपुरा, मूलचंद गेट, रामसिंह सनवाल, मानसिंह हवलदार, एड. प्रदीप चौधरी, दाताराम गिठाला, ओंकार सुबेदार, एड. प्रकाश चौधरी, वीरेन्द्र चौधरी, बाबूलाल जाखड़, सुरेश जाखड़, अंकित जाखड़, मामन खोजा, सुभाष चौधरी, एड. अजीत चौधरी, गुमान सिंह, अशोक मान, दुलीचंद मान, ग्यारसी लाल बाजिया, अजीत जाखड़, विजय गेट, दाताराम जाट, नवीन, प्रकाश ओला समेत समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों के लिए पूर्व विधायक को ज्ञापन दिया


ग्राम महारकला में विकास कार्य करवाने के लिए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

**चौमूं / कालाडेरा** ( निसं ) ग्राम महार कला सरपंच मीनू सैनी तथा बाबा अमरनाथ कावडिया संघ, चौमूं के अध्यक्ष रमेश देवन्दा द्वारा शिष्ट मंडल के साथ पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को श्री मालेश्वर नाथ मंदिर तथा ग्राम महारकला में विकास कार्यों तथा कावड यात्रा व श्रावण मास हेतु व्यवस्थाओं के लिए ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

ग्राम महारकला में बस स्टैंड से लेकर श्री मालेश्वरनाथ मंदिर महारकला तक सीसी रोड, सुलभ शौचालय, गत वर्ष की भांति विशेष प्रकाश व्यवस्था, जल व्यवस्था, मंदिर की विशेष सजावट, सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे, पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था, ग्राम महारकलां का हेरिटेज धार्मिक संरक्षण आदि को लेकर ज्ञापन दिया गया, जिस पर रामलाल शर्मा द्वारा जल्द ही उक्त कार्यों को करवाए जाने का आश्वासन दिया गया। बाबा अमरनाथ कावडिया संघ, चौमूँ द्वारा श्री मालेश्वर नाथ मंदिर की महिमा के अनुसार मुख्य मार्ग पर विशाल तोरण द्वार बनवाए जाने का निवेदन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती दुर्गा देवी, कांता गुप्ता, मुकेश शर्मा, केदार छिपा, सिद्धांत जैन, अटल मेठी आदि उपस्थित थे।

# पावटा में गड्ढों में भरा बरसात का पानी, राहगीर दुखी

**पावटा।** कस्बे के घंटाघर चौक से कस्बे के मुख्य बाजार से होते हुए पावटा सीएचसी तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर बने बड़े-बड़े गड्ढे जानलेवा हो गए हैं। बारिश के समय में इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। विभागीय लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस मुख्य मार्ग से हजारों लोग प्रतिदिन इसी मार्ग से आते व जाते हैं मगर हल्की सी वर्षा से इस सड़क के गड्ढों में जाम पानी जाम हो जाता है। इससे लोग परेशान हो चले हैं। हल्की सी बारिश से ही इस सड़क में जगह-जगह बने गड्ढे पानी से भर गए और इसके विकास के लिए संपर्क ना होने से यह बारिश का पानी सड़क पर ही जाम हो जाता है। इससे इधर से उधर आने व जाने वाले लोगों को भारी असुविधा होती है। जब बारिश होना प्रारंभ होती है तो यहां के अगल-बगल के रहवासियों व एंबुलेंस, निजी वाहन, दो पहिया वाहन से यहां आने वाली व जाँच के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं व मरीजो को काफी पीड़ा सहन करनी पड़ती है।

साथ ही उनके साथ अस्पताल आने वाले परिजनों को भी परेशानियों का दंश झेलना पड़ता है। यहां प्रसव कराने, गर्भवती होने पर नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के अलावा नवजातों को टीकाकरण के लिए व अन्य बीमार मरीजो को भी परिजन लेकर आते हैं लेकिन इस सड़क की स्थिति के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गांव को स्वास्थ्य केंद्र पावटा से जोड़ने वाला मुख्य पथ पर बने गड्ढे व बारिश मे उनमे जमा पानी से हमेशा ही महिलाओ के फिसलने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह मुख्य सड़क जगह जगह से टूट गई है। या ये कहे कि सड़क ही गड्ढो मे तब्दील हो चुकी है। इसमें जलजमाव होने से गड्ढे का अंदाजा नहीं लग पाता है। अस्पताल जाने की दूरी तय करने में महिलाओं को इन गड्ढों के कारण हिचकोले खाते जाना पड़ता है।

वहीं बाइक से आने-जाने वालों को काफी दिक्कतों को सहना पड़ता है। वही मरीजों व परिजनों का कहना है कि इस जर्जर पथ पर वाहनों से मरीज को लेकर आने में होने वाली दिक्कतों से महिलाओं को काफी परेशानी होती है। अस्पताल तक जाने वाली सड़क काफी खराब है।

ऐसे में प्रसव के लिए लेकर आने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मरीज को भी असहनीय पीड़ा सहन करना पड़ता है। बाइक से यहां गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य जांच के लिए लेकर आते है सड़क पर बने गड्ढों के कारण बाइक चलाने व जांच कराने के लिए आने-जाने में भी परेशानी होती है। इस पथ की जर्जर स्थिति से परेशान मरीज व उनके परिजनों ने इसे दुरूस्त कराने की मांग प्रशासन से की है ताकि यहां आने-जाने में किसी प्रकार की समस्या न हो सके।

# एक तीन सूत्रीय मांग पत्र ज्ञापन के रूप में सोंपकर मांग कि

**बौंली- बामनवास।** मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में बौंली ब्लॉक के पंचायत सहायक व विद्यार्थी मित्रों की एक बैठक सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष हेमराज दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित विद्यार्थी मित्रों ने राजस्थान सरकार को एक तीन सूत्रीय मांग पत्र ज्ञापन के रूप में सोंपकर मांग कि गई की संविदा सेवा नियम 2022 में नियमितीकरण हेतु आ ए एस पैटर्न में जो 2 वर्ष की छुट 1 वर्ष सत्र 2023-24 के लिए दी गई थी उसे एक वर्ष और निरंतर बढाते हुए इसे 2024-25 तक जारी रखा जाए। हमारे पूर्व में दी गई।

# लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस कमेटी देगी मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**अलवर।** भारत में लोकतंत्र बचाने के लिये देश और प्रदेश में विपक्ष के रुप में कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर सरकार से सवाल तथा जनता के हित के लिए संघर्ष करती रहेगी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि कल कोटा में कांठोस पार्टी द्वारा नीट पेपर लीक, नेट जेआरएफ परीक्षा रद्द करने प्रदेश में बिगड़ी बिजली, पानी की स्थिति और प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था के खिलाफ किये गये प्रदर्शन को सरकार द्वारा दबाने के लिए पुलिस के बेजा इस्तेमाल करते हुए प्रदेश कांठोस अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा जी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली जी, कोटा के कांठोस जनप्रतिनिधियों, कांठोस पदाधिकारियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा झुठा मुकदमा दर्ज किया गया है हम इसकी निन्दा करते हैं, भत्र्सना करते हैं यह सरासर ग़लत है विपक्ष की नैतिक जिम्मेदारी है कि वो जनता के मुद्दों पर सरकार को जगाएं। इसके लिए अगर सरकार इस तरह दमनकारी नीति अपनाते हुए झुठे मुकदमें दर्ज करवाएंगी तो यह कैसा लोकतंत्र है। हम कांग्रेस के लोग डरने वाले नहीं हैं हम संघर्ष करेंगे भाजपा की केन्द्र तथा राज्य की सरकार को जनता के हितो कै लिए अपनी बात सुनाते रहेंगे, संघर्ष करतै रहेंगे, हम डरने वालो में से नहीं है। सरकार कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कोटा के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ दर्ज झुठे मुकदमें वापस ले और संवेदनशील हो कर विपक्ष की बात को सुनें तथा जनहित के कार्य करें। इसी क्रम में दिनांक 26 जून 2024 बुधवार को प्रातः 11 बजे जिला कांठोस कमेटी, अलवर का प्रतिनिधि मण्डल मिनी सचिवालय, भवानी तोप अलवर के पास माननीय जिला कलेक्टर महोदय अलवर से मिलकर उनको माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन देगा।

जिसमे नीट यूजी के पेपर लीक के अपराधियों की गिरफ्तारी तथा नीट का पेपर रद्द कर दुबारा नीट की परीक्षा करवाना, अलवर जिले की बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था में सुधार, अलवर जिले की बिगड़ी हुई पानी और बिजली की व्यवस्था में सुधार, अलवर शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार, श्री गोविन्द डोटासरा जी और श्री टीकाराम जूली जी तथा कोटा के कांठोस कार्यकर्ताओं पर शान्ति पूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने पर दर्ज झूंठे मुकदमे वापस हो।

# मोटरसाइकिल चोरी के 5 आरोपियों से 12 बाइक जब्त

**टोंक।** थाना कोतवाली क्षैत्र में पुलिस ने बाइक चोर गैंग का खुलासा करते हुए सरगना समेत 5 जनों को गिरफ्तार किया है। इनमें 2 बाइक चोर और 3 जनें चोरी की बाइक खरीदार है। आरोपितों से 12 मोटसाईकिलें भी बरामद की है।

वृताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी ने बताया कि जिलें में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए चोरों को पकड़ने के लिए टोंक जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशो पर टीम का गठन कर कोतवाली थानाधिकारी भवंरलाल वैष्णव के नेतृत्व में पुलिस ने अपने संसधानों की मदद से चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने वालों को चिन्हित किया। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में नवल सैनी पुत्र बाबुलाल सैनी निवासी सोनवा और हफीज पुत्र इसराइल कुरैशी निवासी बावडी टोंक को गिरफ्तार किया है। चोरी की मोटरसाईकिल खरीदने के आरोप में सादिक उर्फ गुड्डू पुत्र अमीन बेग निवासी बूंदी, दानिश पुत्र मो, अतीक निवासी मोहल्ला शोरगरान टोंक और विकास उर्फ कालू पुत्र प्रेमलाल निवासी ग्राम मोरडा मेहंदवास को गिरफ्तार किया है।

# राहुल सैन ने किया नर्सरी का निरीक्षण

**टोंक।** उपखण्ड अधिकारी, टोंक, राहुल सैनी ने उपवन सरंक्षक में स्थित जखीरा नर्सरी का भ्रमण किया। इस मानूसन सत्र सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत टोंक उपखण्ड में लगभग 2 लाख 50 हजार पौधै लगाये जाने है जिसके चलते राहुल सैनी जखीरा नर्सरी पहुंचे तथा नर्सरी में उपस्थित सभी प्रकार के पोधौ के बारे में पूछताछ की और नर्सरी का भ्रमण किया। नर्सरी में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार फूलदार, फलदाया एवं छायादार पौधो के बारे में उपखण्ड अधिकारी को अवगत करवाया। सैनी ने स्कूलों में फलदार पौधे लगाये जाने पर पर तथा सार्वजनिक स्थलों पर छायादार पौधें लगाये जाने पर अधिक जोर दिया। टोंक उपखण्ड मे सर्वाधिक 1 लाख पौधे नगर परिषद द्वारा लगाये जाने है तथा 74 हजार पौधे शिक्षा विभाग द्वारा टोंक उपखण्ड में लगाये जाने है। पंचायत समिति टोंक द्वारा 20 हजार पौधे लगाये जाने का लक्ष्य रखा है। भ्रमण के दौरान नर्सरी में सहायक वन संरक्षक हृदय सुमन शेखावत तथा अभिषेक भट्टनागर व सीताराम क्षेत्रीय वन अधिकारी उपस्थित रहे।

# फरार आरोपी मनराज दिवाना गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन के आदेशानुसार वृताधिकारी पीपलू देशराज कुलदीप व बरोनी थानाधिकारी ओमप्रकाश नैं ब्यैज एक्ट में मारपीठ कर मोबाईल लूट के वांछित फरार आरोपी मनराज उर्फ मनराज दिवाना पुत्र रघुनाथ जाति गुर्जर उम्र 33 साल निवासी रजमाणा, चौथ का बरवाडा जिला सवाईमाधोपुर एवं तुलसीराम पुत्र जगदीश गुर्जर उम्र 29 साल निवासी अरनियाकेदार जिला टोंक को गठित टीम ने अथक प्रयास से गिरफ्तार किया जाकर अनुसंधान जारी है।

# किशनगढ़बास में 11 माह से सफाई ठेकेदार को नहीं मिल रहा पैसा


किशनगढ़ बास में कुछ ही देर की बारिश में गंज रोड पर भरा पानी।

- **दो माह से वेतन नहीं मिलने पर सफाई कर्मियों ने की हड़ताल तो ठेकेदार ने कर्ज पर लाकर किया भुगतान तो शुरू हुई सफाई**

**किशनगढ़ बास।** प्रदेश में भजनलाल सरकार को बनें 6 महीने हो चुके हैं और नगर पालिका के पास सफाई ठेकेदार को शहर में होने वाली सफाई टेंडर की राशि का भुगतान देने के लिए पैसे नहीं है। ठेकेदार का आरोप है कि 11 माह से उसे नगर पालिका बजट नहीं होने की बात कहकर भुगतान नहीं दे रही है। प्रतिमाह नगर पालिका को सफाई का करीब 9 लाख रुपए का भुगतान ठेकेदार को करना होता है।

शहर की सफाई व्यवस्था में 85 सफाई कर्मियों को प्रतिमाह वेतन देना होता है लेट होने पर कर्मचारी काम पर नहीं आते हैं। इधर-उधर से कर्ज लेकर सफाई कर्मियों को भुगतान करना पड़ रहा है। शनिवार को वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी जिसके कारण सफाई नहीं हो सकी। सोमवार को इधर-उधर से पैसा करके 70 कर्मचारियों को एक माह का वेतन दिया तथा शेष कर्मचारियों को जल्द ही भुगतान किए जाने का आश्वासन दिए जाने पर कर्मचारी को दिया तब उन्होंने सफाई करना शुरू की। पालिका के अधिकारियों से कर्मचारियों को वेतन दिए जाने के लिए बिल का भुगतान करने की बात की तो वही जवाब मिला कि अभी बजट नहीं है। सफाई कर्मचारी राजेश वाल्मीकि ने बताया कि कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं दिया है। वेतन समय पर नहीं मिलने से घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा था। वेतन नहीं मिलने के कारण शनिवार को कर्मचारी काम पर नहीं गए और पालिका अध्यक्ष से वेतन दिलाने की मांग की जिस पर पालिका अध्यक्ष ने सोमवार को ठेकेदार से वेतन दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद भी कर्मचारी काम पर नहीं गए। सोमवार को जब ठेकेदार ने सफाई कर्मचारियों को वेतन दिया तो सफाई कार्य शुरू हुआ। सफाई कर्मियों के शनिवार को काम पर नहीं आने से प्रत्येक 15 दिन में पूर्णमासी पर होने वाली बाजार की नालियों की सफाई भी इस बार नहीं हो सकी जिसके कारण 10 मिनट की बारिश में नालियों में जमा गंदगी सड़क पर बाहर आ गई।

ऐसे में सवाल उठता है कि जब 11 माह से नगर पालिका के पास शहर में होने वाली सफाई का ठेकेदार को पेमेंट देने के लिए बजट नहीं है तो केसे शहर में मूलभूत सुविधाएं लोगों को नगर पालिका मुहैया कराएगी। शहर में रोड पर लगी स्ट्रीट लाइट बंद है सड़कों पर अंधेरा पसरा है। विकास के काम नहीं हो पा रहे हैं। ईओ जगदीश खीचड़ ने बताया कि नगर पालिका के पास बजट नहीं होने के कारण सफाई ठेकेदार को पेमेंट नहीं हो पा रहा है। बजट आने पर ही ठेकेदार को पेमेंट कराया जाएगा। पालिका अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल ने बताया 1 साल से बजट नहीं मिला है कांठोस सरकार में बीते साल का 4 करोड़ 50 लाख का बजट जो मिलना था वह भी नहीं मिला। सरकार बनने के बाद भी कोई बजट नहीं मिला है। जिसके कारण सफाई ठेकेदार के अलावा डोर टू डोर कचरा संठाहण में लगे टिप्पर कर्मियों को कई माह से पैसा नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा भी बजट नहीं होने पर बिलों का भुगतान अटका हुआ है।